
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 मोदी के कार्यकाल में भारत का कद बढ़ा : राजनाथ



6 नए भारत के दिल की धड़कनों में बसते हैं बिरसा



7 ई-मार्केट से किसानों को दिलाएं बड़ा बाजार



8 भारत-अफगानिस्तान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर

# निवेशकों को लुभाने की कवायद

## आरबीआई ने विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए की पांच उपायों की घोषणा

**मुंबई, 05 जून. भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ( एफपीआई ) को आकर्षित करने के लिए शुक्रवार को पांच उपायों की घोषणा की. आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यहां केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ( एमपीसी ) की बैठक के बाद जारी बयान में इन उपायों की घोषणा की. उन्होंने बताया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ( एफडीआई ) मजबूत बना हुआ है जो दिखाता है कि वैश्विक निवेशकों की भारत में रुचि बनी हुई है.**

अप्रैल 2026 में भी एफडीआई प्रवाह उत्साहजनक रहा. हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 में 02 जून तक देश में शुद्ध एफपीआई में 13.7 अरब डॉलर की निकासी दर्ज की गयी है, जो मुख्य रूप से इक्विटी खंड में रही. इस निकासी को रोकने तथा नया निवेश आकर्षित करने के लिए उन्होंने पांच उपायों की घोषणा की. उन्होंने कहा कि पूर्ण सुलभ मार्ग (एफएआर) से निवेश योग्य प्रतिभूतियों का दायरा बढ़ाया जायेगा. इसमें 15, 30 और 40 वर्ष की अवधि वाली सभी नयी सरकारी प्रतिभूतियों को शामिल किया जायेगा. अबतक इसमें सिर्फ 10 साल की अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों को शामिल किया गया था. इसके अतिरिक्त, सामान्य मार्ग के तहत एफपीआई निवेश पर लागू अल्पकालिक निवेश, निवेश में विविधता के अभाव और व्यक्तिगत प्रतिभूतियों से संबंधित सीमाओं को हटाया जायेगा. उन्होंने कहा कि ये उपाय तथा सरकार द्वारा आज सुबह घोषित कर लाभ सरकारी उधारी के लिए विदेशी पूंजी आकर्षित करने में सहायक होंगे. दूसरे उपाय के तहत बिना सेबी के पास पंजीकरण के शेयर बाजार में कारोबार किये जाने वाले इक्विटी साधनों में एनआरआई और ओसीआई निवेश की सीमाएं बढ़ायी जायेंगी. यही सुविधा विदेश में रहने वाले सभी व्यक्तिगत निवेशकों को भी प्रदान की जायेगी.



### सरकारी बॉन्ड बाजार के लिए बड़े फैसले

**पूर्णत: सुलभ मार्ग का विस्तार**
- 15 वर्ष, 30 वर्ष और 40 वर्ष के नए सरकारी बॉन्ड शामिल.
- पहले केवल 10 वर्ष तक के बॉन्ड पात्र थे.
- निवेश एकाग्रता सीमा हटाई गई.
- विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास.
- सरकारी बॉन्डों पर कर छूट की सुविधा जारी.

**विदेशी निवेशकों को राहत....**
- अनिवासियों के लिए निवेश नियम आसान.
- इक्विटी निवेश मानदंडों में ढील.
- भारत के बाहर रहने वाले सभी व्यक्तियों को निवेश की अनुमति.
- विदेशी निवेशकों के लिए पहुंच का दायरा बढ़ा.
- घरेलू पूंजी बाजार में विदेशी भागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य.

**बैंकिंग क्षेत्र के उपाय...**
- विदेशी मुद्रा स्वैप की शुरुआत.
- एफ एफसीएनआर( बी )जमा जुटाने वाले बैंकों को समर्थन.
- पूर्ण हेजिंग लागत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी.
- विदेशी मुद्रा संसाधनों को आकर्षित करने की कोशिश.
- बैंकिंग प्रणाली में डॉलर तरलता बढ़ाने का प्रयास.

**अर्थव्यवस्था को राहत....**
- निर्यात प्राप्ति की समयसीमा फिर 9 महीने की गई.
- उभरते बाजारों की मुद्राओं में कमजोरी का असर कम करने की कोशिश.
- निर्यातकों को भुगतान प्राप्त करने में अतिरिक्त समय मिलेगा.
- विदेशी मुद्रा भंडार और निवेश प्रवाह को समर्थन की उम्मीद.

# भांगर बम विस्फोट मामले में एनआईए ने की छापेमारी

### तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 05 जून. केंद्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए ) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के भांगर बम विस्फोट मामले में व्यापक तलाशी अभियान चलाकर एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. धमाके में मारे गये और बम बनाने के घायल हुए आरोपियों को लाने-ले जाने के लिए इस्तेमाल की गयी स्कॉर्पियो कार के ड्राइवर सैनूर मोल्ला की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है।**

यह घटना पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले की है जब आरोपी और उसके सहयोगी देसी बम बना रहे थे. इस मामले के मुख्य संदिग्ध और साजिशकर्ता पूर्व विधायक तथा भगोड़े शौकत मोल्ला के आवास और संदिग्ध ठिकानों सहित कुल आठ स्थानों पर आज तलाशी ली गयी. इसके अलावा मामले से जुड़े अन्य आरोपियों और संदिग्धों से जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली गयी।इसमें कई आपत्तिजनक सामग्रियां, दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और डिजिटल साक्ष्य जब्त किये गये हैं.

इन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।एनआईए जांच से पता चला है कि विस्फोट के बाद आरोपी सैनूर मोल्ला ने ही उस स्कॉर्पियो वाहन को चलाया था, जिसका इस्तेमाल धमाके में मारे गये एक व्यक्ति और अन्य घायलों को ले जाने के लिए किया गया था. वह मृतक और घायलों को पहले एक स्थानीय अस्पताल और फिर एक अन्य स्थान पर ले गया था, जहां उसने उन्हें एम्बुलेंस में डाल दिया था।इस मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका एम्बुलेंस ड्राइवर फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

### एक नजर में



#### अन्नामलाई का भाजपा से इस्तीफा स्वीकार

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु ईकाई के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है और पार्टी ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के पूर्व तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष श्री अन्नामलाई के पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ने के पत्र को स्वीकार कर लिया है।गौरतलब है कि श्री अन्नामलाई इसी सप्ताह दिल्ली आये थे और उन्होंने यहां गृहमंत्री अमित शाह समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी.

#### सफाई के दौरान जहाज के मुख्य अधिकारी की मौत

**मुंबई.** मुंबई के निकट समुद्र में जग अबा तेल जहाज का मुख्य अधिकारी टैंक की सफाई के दौरान बेहोश हो गया और बाद में उसकी मौत हो गयी. सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान चेन्नई के रहने वाले हर्षा गोपालन राजन के तौर पर हुई है, जो जग अबा नाम के तेल जहाज पर मुख्य अधिकारी के तौर पर काम कर रहे थे. येलो गेट पुलिस के अनुसार यह घटना एक जून को सुबह करीब 9.30 बजे हुई, जब जहाज समुद्र में काम कर रहा था.

#### मणिपुर के कांगपोकपी में हिंसा, 3 की हत्या

**इंफाल/कांगपोकपी.** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार सुबह हुई हिंसक घटना ने एक बार फिर राज्य की सुरक्षा स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं. सैतु-गाम्फाजोल उपमंडल के लोइबोल खुल्लेन गांव में तड़के करीब 4 बजे सशस्त्र हमलावरों ने हमला कर दिया, जिसमें महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई. इस हमले के दौरान गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं ने पूरे गांव में अफरा-तफरी मचा दी। अधिकारियों के अनुसार, हमलावरों और प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच कई मिनट तक भीषण गोलीबारी हुई.

### गुस्ताखी माफ




# पीएम मोदी से हमारे अच्छे तालमेल

## बोले डोनाल्ड ट्रंप - भारत से जल्द होगी व्यापार डील

**वॉशिंगटन, 05 जून. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जायेंगे. श्री ट्रंप ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देश ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जायेंगे.**

उन्होंने कहा हम एक समझौते तक जरूर पहुंचेंगे, क्योंकि मैं भारतीय प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं. वे मेरे अच्छे दोस्त हैं. हमारे बीच बेहतरीन तालमेल है और हम मिलकर यह डील करने जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अब भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहा है. पहले



स्थिति अलग थी और भारत भारी टैरिफ लगाकर अमेरिका से पैसे कमाता था.

अपनी बात को समझाने के लिए श्री ट्रंप ने अमेरिकी मोटरसाइकिल ब्रांड हार्ले-डेविडसन का उदाहरण दिया. उन्होंने तर्क दिया कि अतीत में भारत के लगाये गये ऊंचे टैरिफ के कारण इस प्रतिष्ठित निर्माता के लिए भारत में अपने वाहन बेचना बेहद मुश्किल हो गया था. श्री ट्रंप ने कहा कि अतीत में, वे हार्ले-डेविडसन को अपनी मोटरसाइकिलें नहीं बेचने देते थे. उन्होंने 200 प्रतिशत का टैरिफ लगा रखा था, जिससे हार्ले-डेविडसन के लिए रास्ते बंद हो गये थे. आखिरकार कंपनी को भारत जाकर अपने खुद के प्लांट लगाने पड़े. जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन ऐसा हुआ. यह सब मेरे कार्यकाल से पहले की बात है. उन्होंने कहा कि वे भी यहां मोटरसाइकिलें बेचते थे.

# 'मैं बीमार हूं, जमानत दीजिए', कोर्ट पहुंची नीट आरोपी मनीषा

**नई दिल्ली, 5 जून.** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में आरोपी मनीषा वाघमारे की जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. अदालत अब 9 जून को इस मामले में अपना आदेश सुनाएगी. सुनवाई के दौरान मनीषा वाघमारे की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह एक प्रमाणित एजुकेशन काउंसलर हैं और काउंसलिंग से होने वाली आय उनके बैंक खातों में नियमित रूप से आती रही है. बचाव पक्ष ने दावा किया कि सीबीआई जिन वित्तीय लेन-देन का उल्लेख कर रही है, उनमें से एक राशि उन्हें पैतृक संपत्ति की गिफ्ट डीड के माध्यम से प्राप्त हुई थी. मनीषा ने अदालत को बताया कि वह लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही हैं और हाल ही में जेल अस्पताल में भी भर्ती कराई गई थीं. उन्होंने जांच में पूरा सहयोग देने का आश्वासन देते हुए जमानत की मांग की. हालांकि अदालत ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित मामलों को जमानत याचिका से अलग रखा जाना चाहिए और आवश्यकता होने पर अलग आवेदन दायर किया जा सकता है.

# मुजफ्फरपुर हॉस्पिटल आग मामले में डॉक्टर सहित 3 लोग गिरफ्तार

- 6 मरीजों की मौत के मामले में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई
- बिल्डिंग फायर ऑडिट व अस्पताल निदेशक की भूमिका की भी जांच

**मुजफ्फरपुर, 5 जून. मुजफ्फरपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में 4 जून, 2026 को हुए आग हादसे में 6 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। सिटी एसपी मोहिबल्लाह अंसारी ने पुष्टि की कि आईसीयू में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पंकज, एडमिन मैनेजर राजकुमार और मेंटेनेंस हेड अजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।**

मामले की एफआईआर अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी के आवेदन पर ब्रह्मपुरा थाना में दर्ज की गई थी। घटना के पीछे शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। मृतकों के अलावा कई गंभीर रूप से घायल मरीजों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पटना के मेदांता अस्पताल में भी तीन मरीज इलाज के लिए भर्ती हैं। घटना के बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने प्रभावित मरीजों का हालचाल लेने के लिए अस्पताल का दौरा किया। अस्पताल निदेशक की भूमिका की जांच और बिल्डिंग के निर्माण एवं फायर ऑडिट से जुड़े कानून उल्लंघनों की भी छानबीन की जा रही है। यदि लापरवाही पाई जाती है, तो हॉस्पिटल मालिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की संभावना है. पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की गहन जांच कर रहे हैं.

# सीबीएसई ने साइबर हमले को लेकर दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली, 05 जून.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने पोस्ट-रिजल्ट सर्विसेज पोर्टल पर हुए सुनियोजित और जटिल साइबर हमलों को लेकर दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस इकाई में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है. बोर्ड ने बताया कि साइबर सुरक्षा टीमों की 24 घंटे की निगरानी के चलते इन सभी हमलों को पूरी तरह विफल कर दिया गया है और किसी भी तरह का डेटा लीक या उससे कोई समझौता नहीं हुआ है. सीबीएसई के अनुसार कक्षा 12वीं की परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन जैसी सुविधाएं देने के लिए इस पोर्टल को दो जून को शुरू किया गया था.





**मोदी का हमला** जनादेश को बताया अराजक राजनीति का जवाब, जनता ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया

# अराजकता फैलाने वालों को जनता दे रही जबाव

**सूरत, 05 जून. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुजरात के सूरत में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास, आत्मनिर्भरता और हरित ऊर्जा के मुद्दों के साथ-साथ राजनीतिक परिदृश्य पर भी अपनी बात रखी.**

उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल देश में निराशा और अनिश्चितता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता ऐसे प्रयासों को लगातार नकार रही है. प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से कुछ दल अराजकता में



अवसर तलाशने की राजनीति कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता ने उन्हें बार-बार करारा जवाब दिया है. उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने ऐसे दलों को हाशिए पर धकेल दिया है. उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां भी लोग उसके शासन से असंतुष्ट हैं. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले समर्थन का जिक्र किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेश यात्राओं के दौरान भी बंगाल के जनादेश की चर्चा सुनने को मिली. कर्नाटक की राजनीति का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी जनता के बीच कांग्रेस को लेकर असंतोष दिखाई दे रहा है.

> प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में उनका सफर 1987 से लगातार जनता के आशीर्वाद और विश्वास के साथ आगे बढ़ता रहा है. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया और 'वेस्ट टू वेल्थ' जैसे अभियानों का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्वच्छ विकास के क्षेत्र में गुजरात ने देश को नई दिशा दी है और भविष्य में भी यह राज्य हरित ऊर्जा क्रांति का अग्रदूत बना रहेगा.